आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–02 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन की शुभकानाएं दी हैं। एक रिपोर्ट–

सोशल मीडिया पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री कहा कि होलिका दहन अधर्म, अहंकार और अंधकार पर सत्य, सद्भाव और संस्कार की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें नकारात्मकताओं को त्याग कर एक सशक्त और संस्कारित समाज के निर्माण की प्रेरणा प्रदान करता है। कल चन्द्रग्रहण होने के कारण होलिका दहन आज ही हो रहा है। चन्द्रग्रहण के कारण प्रदेश भर के मंदिरों के द्वार कल बन्द रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के दौरे पर हैं। वह यहां एक होलिका दहन शोभायात्रा में शामिल हो रहे हैं। इस बीच, होली पर्व को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। बाजारों में भी काफी रौनक देखी जा रही है। आज सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ दिख रही है। लोग अपने परिजनों के साथ कपड़े, रंग, गुलाल, पिचकारी और मिठाइयां खरीद रहे हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज वाराणसी में सरस मेले के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समूह की महिलाओं से एक करोड़ महिलाओं को लखपति महिला क्लब में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उन्होंने वाराणसी की दो बीमा सखियों मीना देवी एवं प्रतिभा देवी के साथ लखपति दीदी शर्मिला देवी और लक्ष्मी वर्मा को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने समूह की दो महिलाओं को ई–रिक्शा भी प्रदान किया।

****

केंद्र सरकार ने इस्राएल–अमरीका द्वारा ईरान पर हमलों के मद्देनजर देश में संभावित हिंसा को लेकर राज्यों को चेतावनी जारी की है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर भड़काऊ भाषण देने वाले ईरान समर्थक कट्टरपंथी उपदेशकों की पहचान करने को कहा है। पत्र में कानून–व्यवस्था बिगड़ने से बचने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने और कार्रवाई को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

इस बीच, एयर इंडिया ने पश्चिमी एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए यात्रा परामर्श जारी किया है। परामर्श में एयर लाइन ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इस्राएल और कतर से आने–जाने वाली सभी उड़ानें आज भी स्थगित रहेंगी। एयरलाइन ने कहा कि वह स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

इस्राएल–ईरान संघर्ष के चलते फंसे भारतीय नागरिकों के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार उनका बचाव और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तत्परता से काम कर रही है।

विदेश में जो हमारे भारतीय लोगों का समस्या जैसे होती है उनको लाने में और संभालने में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जो आज तक होते आए हैं, कभी भी पहले ऐसे कोई सरकार नहीं करती थी। इतना व्यापक सहायता करते हैं। विदेश मंत्रालय के अपने–अपने मिशन्स होते हैं, हर देश में, उन मिशन्स के माध्यम से भारतीय लोगों को मदद करते हैं हमेशा।

****

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपना वीजा बढ़ाना चाहते हैं या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नजदीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। एक रिपोर्ट–

भारत ने पश्चिम एशिया में अपने नागरिकों के लिए अलग से यात्रा और सुरक्षा परामर्श भी जारी किया है। तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों से अत्यधिक सावधानी बरतने, गैर–जरूरी यात्रा से बचने, निर्धारित आश्रय स्थलों के पास रहने और आधिकारिक दिशा–निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। सहायता के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन सक्रिय कर दी गई है। ईरान में भारतीय नागरिकों को अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और जॉर्डन सहित खाड़ी देशों में राजनयिक मिशनों ने भी भारतीयों से सतर्क रहने और दूतावासों में पंजीकरण कराने का आह्वान किया है। समाचार कक्ष से, सरफिरोजी।

****

वाराणसी के सुजाबाद डोमरी में, कल सिर्फ एक घंटे में वहां के निवासियों ने दो लाख 51 हजार चार सौ 46 पौधे लगाकर चीन का आठ वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस अवसर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से जज ऋषिनाथ ने मेयर और नगर निगम आयुक्त को प्रमाण–पत्र प्रदान किए।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आगामी चार मार्च तक, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पांच मार्च तक तेज सतही हवा चलने की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

****